आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.09.2026 समय : 1905

- केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भारतीय सौर ऊर्जा निगम के स्थापना दिवस पर कहा कि हरित ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है देश।
- राष्ट्रीय फॉर्म्यूलरी के 7वें संस्करण के विमोचन पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि दवाओं की सुरक्षा और निगरानी में भारत बन रहा है आत्मनिर्भर।
- द्वीपसमूह प्रशासन का बड़ा कदम, आयुष्मान भारत योजना के तहत बुजुर्गों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए कैशलेस स्वास्थ्य कार्ड बनवाने की विशेष सुविधा।
- अंडमान निकोबार द्वीप समूह में तेज हवाओं और भारी बारिश का अनुमान, मछुआरों के लिए चेतावनी जारी

<><><><><><><>

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया– सेकी को उसके पन्द्रहवें स्थापना दिवस पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जोशी ने कहा कि पिछले पन्द्रह वर्षों में सेकी ने भारत की अक्षय ऊर्जा यात्रा को आगे बढ़ाने और देश के स्वच्छ ऊर्जा तंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि दवाओं के दुष्प्रभावों और प्रतिकूल प्रतिक्रिया की निगरानी में भारत की यात्रा पिछले वर्षों में आत्मनिर्भता का एक उल्लेखनीय उदाहरण रही है। नई दिल्ली में नेशनल फॉर्म्यूलरी ऑफ इंडिया के सातवें संस्करण को जारी करते हुए उन्होंने यह बात कही। सुश्री पटेल ने बताया कि देश में दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों की निगरानी के लिए फिलहाल 1100 से अधिक केंद्र कार्यरत हैं और सरकार का उद्देश्य इनकीसंख्या प्राथमिक स्वास्थ्य

सुविधा केंद्रों के स्तर तक ले जाने का है। उन्होंनेकहा कि विश्व में पच्चीस देश भारतीय औषध संहिताको मान्यता देते हैं और स्वीकार करते हैं।

<><><><><><><>

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने युवा मामलों के मंत्रालय के साथ मिलकर मेरा युवा भारत पोर्टल पर सी एस आई आर विज्ञान और नवाचार क्विज की शुरुआत की है। सी एस आई आर के 85वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुरू की गई यह प्रतियोगिता कल से शुरू हो गई है और 26 सितंबर तक चलेगी और इसमें देश का कोई भी नागरिक हिस्सा ले सकते है। इस क्विज का मुख्य उद्देश्य युवाओं में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता बढ़ाना है। इसमें बहुविकल्पीय प्रश्नों के जरिए सी एस आई आर की वैज्ञानिक उपलब्धियों, तकनीकों और देश निर्माण में उसके योगदान से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बताया कि आने वाले महीनों में ऐसे और भी क्विज आयोजित किए जाएंगे ताकि विज्ञान को आम जनता के और करीब लाया जा सके।

<><><><><><><>

निकोबार के तापोइमिंग गांव के सामुदायिक भवन में कृषि विज्ञान केंद्र और कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी की ओर से एक विशेष वैज्ञानिक–किसान संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की खेती–किसानी से जुड़ी समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान निकालना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गांव के प्रथम कप्तान लॉरेंस मैथ्यू मौजूद रहे। इस दौरान कृषि, पशुपालन और वन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को आधुनिक खेती, वैज्ञानिक तरीके से सूअर पालन और जंगल बचाने के उपायों की महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उनकी पैदावार और आमदनी दोनों बढ़ानेमें मदद मिलेगी।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने महिला हेल्पलाइन–181 के अंतर्गत कॉल ऑपरेटर, मल्टी–पर्पज् स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए सूचना जारी की है। उम्मीदवारों की सूची विभाग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। इन सभी अभ्यर्थियों को 1

अक्तूबर को गोलघर स्थित कृषि सहायक निदेशालय के सम्मेलन सभागार में अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार का आयोजन 5 अक्तूबर को सुबह 9 बजे समाज कल्याण, सचिव के कक्ष में किया जाएगा। किसी भी जानकारी के लिए उम्मीदवार महिला हेल्पलाइन नंबर 181 परसंपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बुजुर्गों और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लिए सूचना जारी की है। इसके तहत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों और अंडमान प्रशासन के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व उनके आश्रितों को कैशलेस स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने की सुविधा दी जा रही है। पात्र लाभार्थी आयुष्मान ऐप के जरिए, कॉमन सर्विस सेंटर, सरकारी स्वास्थ्य संस्थान या जी.बी पंत अस्पताल में बने हेल्प डेस्क की मदद से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए राज्य स्वास्थ्य एजेंसी के नंबर 03192–214–763 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय ने समुद्र आधारित खेती और व्यवसाय से जुड़ने के इच्छुक लोगों के लिए महत्वपूर्ण घोषणा की है। इसके अंतर्गत खुले समुद्र में मछली पालन, समुद्री घास की खेती और मोती की खेती के लिए निर्धारित समुद्री क्षेत्रों को पट्टे पर देने के लिए आवेदन करने का आग्रह किया गया हैं। मछुआरे, स्वयं सहायता समूह, सहकारी समितियां और निजी उद्यमी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। आवेदन पत्र और इससे जुड़ी पूरी जानकारी प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। इच्छुक आवेदक 15 अक्टूबर तक मत्स्य निदेशालय या संबंधित आंचलिक कार्यालयों में आवेदन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

गाराचरमा में 23 सितंबर को सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर एक बजे के बीच बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के अनुसार गाराचरमा फीडर के पास नई केबल लगाने और लाइन शिफ्टिंग का काम किया जाना है। इस वजह से लक्ष्मी मोटर, शिवाजी कॉलोनी, टी आर हाउसिंग, गाराचरमा बस्ती, काली मंदिर, टी टी आई रोड और गाराचरमा फीडर के पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता टोल-फ्री नंबर 1800-345-1111 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

ब्रुक्शाबाद स्थित कामराज इंग्लिश मीडियम स्कूल में कल विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के सभागार में सुबह साढ़े आठ बजे शुरू होने वाली इस प्रदर्शनी का उद्घाटन भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के अतिरिक्त निदेशक डॉ.सी. शिवपेरुमान मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस प्रदर्शनी में छात्र-छात्राएं अपनी वैज्ञानिक सोच, कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन करेंगे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के डॉ.भीमराव अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में 23 और 24 सितंबर को अंतर-विद्यालय और महाविद्यालय शेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। होटल मैनेजमेंट विभाग के अनुसार इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों की अड़तालीस टीमें हिस्सा ले रही हैं। छात्र-छात्राएं इसमें भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय पकवान बनाने के साथ-साथ बिना गैस के बनने वाली मिठाइयाँ और फल-सब्जियों की सुंदर सजावट का हुनर दिखाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को निखारना और उनमें नेतृत्व का गुण विकसित करना है।

<><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण विभाग के साथ मिलकर चिड़ियाटापू के मुंडा पहाड़ बीच पर एक बड़ा स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-स्वयंसेवकों ने समुद्र तट पर फैली गंदगी को साफ किया और लोगों को समुद्र के पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। इस पहल का

उद्देश्य समंदर के किनारों को साफ–सुथरा रखना और प्लास्टिक व कचरे से होने वाले नुकसान के प्रति आम जनता में जागरूकता बढ़ाना है। वन विभाग के अधिकारियों ने छात्रों के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की है।

<><><><><><><>

मौसम विभाग ने कहा है कि अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आज और कल तेज हवाएं चलने और भारी बारिश होने की संभावना है। मछुआरों को आज अंडमान सागर और कल तक पूर्वी–मध्य तथा उससे लगे उत्तर–पूर्वी बंगाल की खाड़ी में समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>